-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 23.11.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा आगामी चुनाव के दृष्टिगत हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का किया गया सत्यापन, अपराध से दूर रहने की दिलाई गई शपथ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाए जाने तथा आगामी चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22.11.2026 को आगामी चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने तथा थाना क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरतते हुए थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को सत्यापन हेतु थाने पर बुलाया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के समस्त उपस्थित हिस्ट्रीशीटरों का विस्तृत सत्यापन किया गया तथा उनकी वर्तमान गतिविधियों एवं अन्य आवश्यक जानकारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। पुलिस द्वारा समस्त हिस्ट्रीशीटरों को सख्त हिदायत दी गई कि वे किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त न हों तथा अपराध एवं अपराधियों से किसी भी प्रकार का संबंध न रखें। इसके अतिरिक्त समस्त हिस्ट्रीशीटरों को अपराध से दूर रहने तथा भविष्य में किसी भी गैरकानूनी गतिविधि में शामिल नहीं होने की शपथ दिलाई गई। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, आपराधिक घटना अथवा असामाजिक तत्वों की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें, जिससे समय रहते आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा सके।